1. 'मिस्टर अभिमन्यु' नाटक के रचनाकार हैं –
(a) लक्ष्मीनारायण लाल (b) लक्ष्मीकांत वर्मा
(c) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (d) जगदीश चन्द्र माथुर

2. आदिकाल के अंतर्गत सरहपा, लुईपा आदि कवि किस साहित्य से संबद्ध हैं ?
(a) रासो साहित्य (b) जैन साहित्य (c) सिद्ध साहित्य (d) लौकिक साहित्य

3. शब्दशक्ति के मुख्यतः कितने भेद हैं ?
(a) दो (b) तीन (c) चार (d) पाँच

4. रति, हास, शोक, क्रोध, भय आदि भावों की गिनती इनमें से किस भाव के अंतर्गत होती है ?
(a) अनुभाव (b) विभाव (c) स्थायीभाव (d) संचारीभाव

5. 'प्रत्येक' शब्द का संधि–विच्छेद होगा
(a) प्रति + ऐक्य (b) प्रति + एक्य (c) प्रति + ईक्य (d) प्रति + एक

6. 'जहाँ तक सध सके' वाक्यांश के लिए एक शब्द है –
(a) यथासाध्य (b) यथाक्रम (c) यथासंभव (d) यथायोग्य

7. 'वीभत्स रस' का स्थायीभाव है :
(a) निर्वेद (b) जुगुप्सा (c) शोक (d) क्रोध

8. निम्नलिखित में से कौन सी रचना मंगलेश डबराल की है ?
(a) 'समर्पण' (b) 'इस यात्रा में' (c) 'पहाड़ पर लालटेन' (d) 'पल्लव'

9. निम्नलिखित में से कौन सा लोकगीत उत्तराखण्ड का नहीं है ?
(a) न्यौली (b) चौमासा (c) चाँचरी (d) चहका

10. 'हाथ कंगन को आरसी क्या' – इस लोकोक्ति का अर्थ है –
(a) अहंकार की बातें करना (b) शक्तिमान् की विजय
(c) प्रत्यक्ष के लिए प्रमाण क्या (d) सिद्धांतहीन मनुष्य

11. निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य शुद्ध है ?
(a) आज का अवकाश देने की अनुग्रह करें। (b) आज का अवकाश कृपया देने की कृपा करें।
(c) आज का अवकाश देने की कृपा करें। (d) कृपया आज की अवकाश देने की कृपा करें।

12. 'लड़का किताब पढ़ रहा है' – इस वाक्य में कौन सा पदबंध है ?
(a) कर्त्ता + क्रिया
(b) कर्ता + क्रिया–विशेषण
(c) कर्ता + कर्म + क्रिया–विशेषण
(d) कर्ता + कर्म + क्रिया

13. रीतिकालीन कवि 'भूषण' की कविता का मुख्य संवेदनात्मक स्वर है –
(a) शृंगारिक (b) व्यंग्यमूलक (c) प्रशस्तिपरक (d) कारुणिक

14. 'गीत फरोश' किसकी रचना है ?
(a) भवानीप्रसाद मिश्र
(b) गोपालदास 'नीरज'
(c) महादेवी वर्मा
(d) हरिवंशराय 'बच्चन'

15. 'नागार्जुन' का वास्तविक नाम है :
(a) बलदेवप्रसाद मिश्र
(b) बैद्यनाथ मिश्र
(c) बैजू मिश्र
(d) नामदेव मिश्र

16. 'लोकायतन' किस विधा की कृति है ?
(a) खण्ड काव्य (b) प्रबंध काव्य (c) मुक्तक काव्य (d) नीति काव्य

17. प्रगतिशील लेखक संघ का प्रथम अधिवेशन भारत में कब हुआ ?
(a) 1934 ई. में (b) 1950 ई. में (c) 1936 ई. में (d) 1947 ई. में

18. 'अष्टछाप' के कवियों में किनमें पिता–पुत्र का संबंध था ?
(a) नंददास – कृष्णदास
(b) कुंभनदास – चतुर्भुजदास
(c) परमानंददास – कृष्णदास
(d) गोविंद स्वामी – छीतस्वामी

19. किस संत ने विदेशी आक्रमणकारियों के विरुद्ध आवाज उठाई ?
(a) कबीर (b) गुरुनानक देव (c) सुंदरदास (d) मलूकदास

20. 'रामचरितमानस' में तुलसीदास ने सर्वप्रथम इनमें से किनकी वंदना की है ?
(a) पार्वती–शंकर (b) वाल्मीकि–हनुमान् (c) सरस्वती–गणेश (d) सीता–राम

21. विष्णु प्रभाकर कृत 'आवारा मसीहा' किस गद्य–विधा की रचना है ?
(a) आत्मकथा (b) जीवनी (c) यात्रा–वृत्तांत (d) रिपोताज

22. 'हिंदी प्रदीप' पत्रिका के संपादक थे :
(a) प्रतापनारायण मिश्र
(b) अंबिकादत्त व्यास
(c) बालकृष्ण भट्ट
(d) राधाचरण गोस्वामी

**23.** ‘व्योमकेश दखेश’ इनमें से किसकी जीवनी है ?

(a) नन्ददुलारे वाजपेयी (b) रामविलास शर्मा

(c) हजारीप्रसाद द्विवेदी (d) फणीश्वरनाथ रेणु

**24.** इनमें से किसका मत ‘भुक्तिवाद’ कहलाता है ?

(a) अभिनवगुप्त का (b) भट्टनायक का (c) शंकुक का (d) भट्टलोल्लट का

**25.** ‘काव्य मानव के आंतरिक कार्य-व्यापारों की अनुकृति है ।’ – यह किसका कथन है ?

(a) अरस्तू (b) प्लेटो (c) लोंजाईनस (d) आई.ए. रिचर्ड्स

**26.** सौंदर्य की व्याख्या करते समय क्रोंचे ने अभिव्यंजना के कितने स्तरों का उल्लेख किया है ?

(a) दो (b) तीन (c) पाँच (d) चार

**27.** ‘गंगा गए गंगादास, जमुना गए जमुनादास’ लोकोक्ति का सही अर्थ है

(a) सिद्धान्त बदलने वाला (b) सिद्धान्त का पक्का

(c) अवसरवादी का मित्र (d) चापलूस

**28.** निम्नांकित में से मुहावरा है :

(a) सावन हरे न भादों सूखे (b) भाड़े का टट्टू

(c) एक पंथ दो काज (d) चिराग तले अँधेरा

**29.** निम्नलिखित में से किस मुहावरे का अर्थ गलत है ?

(a) मुँह छिपाना (गायब होना) (b) कान भरना (पीठ पीछे शिकायत करना)

(c) दाँत काटी रोटी (गहरी दोस्ती) (d) सिर उठाना (विरोध में खड़ा होना)

**30.** ‘फूँक-फूँककर पैर रखना’ – इस मुहावरे का सही अर्थ है –

(a) डरकर कदम बढ़ाना (b) धीरे-धीरे चलना

(c) सोच-विचारकर काम करना (d) सावधानीपूर्वक चलना

**31.** लोकोक्ति के संबंध में इनमें से कौन सा कथन असत्य है ?

(a) लोकोक्ति को कहावत भी कहते हैं ।

(b) लोकोक्ति पूर्ण वाक्य नहीं होती ।

(c) लोकोक्ति में अभिधेयार्थ और व्यंग्यार्थ दोनों होते हैं ।

(d) लोकोक्ति स्वाभाविक कथन पर आधारित होती है ।

**32.** इनमें से कौन सी भाषा देवनागरी लिपि में लिखी जाती है ?

(a) उड़िया (b) मराठी (c) गुजराती (d) पंजाबी

33. संविधान के किस अनुच्छेद में हिंदी को संघ की राजभाषा घोषित किया गया है ?
(a) 343 (b) 344 (c) 345 (d) 346

34. निम्नांकित में से गढ़वाली की उपबोली है :
(a) खसपरजिया (b) पघाईं (c) जोहारी (d) सलानी

35. बुंदेली का विकास किस अपभ्रंश से हुआ है ?
(a) मागधी (b) शौरसेनी (c) पैशाची (d) अर्द्धमागधी

36. इनमें से 'कन्नौजी' बोली का क्षेत्र है :
(a) उन्नाव (b) फिरोजाबाद (c) हरदोई (d) जालौन

37. 'गढ़वाली लोक साहित्य का विवेचनात्मक अध्ययन' ग्रंथ के लेखक हैं –
(a) डॉ. शिवानंद नौटियाल (b) संदीप रावत
(c) मोहनलाल बाबुलकर (d) डॉ. गोबिंद चातक

38. किस कथाकार को 'पहाड़ का प्रेमचंद' कहा जाता है ?
(a) विद्यासागर नौटियाल (b) शेखर जोशी
(c) बटरोही (d) पंकज बिष्ट

39. 'छाया मत छूना मन' – इस उपन्यास के लेखक हैं –
(a) हरि सुमन बिष्ट (b) हिमांशु जोशी (c) शैलेश मटियानी (d) सुभाष जोशी

40. लीलाधर जगूड़ी को उनके किस कविता संग्रह के लिए वर्ष 2018 का 'व्यास-सम्मान' दिया गया है ?
(a) 'घबराए हुए शब्द' (b) 'ईश्वर की अध्यक्षता में'
(c) 'अनुभव के आकाश में चाँद' (d) 'जितने लोग उतने प्रेम'

41. 'ब्रजभाषा के शृंगारी कवियों की परंपरा में इन्हें अंतिम प्रसिद्ध कवि समझना चाहिए ।' रामचंद्र शुक्ल ने यह तथ्य किस कवि के बारे में लिखा है ?
(a) 'ठाकुर' (b) 'द्विजदेव' (c) 'ग्वाल' (d) 'बोधा'

42. 'साहित्य दर्पण' किसकी रचना है ?
(a) पंडितराज जगन्नाथ (b) आचार्य विश्वनाथ
(c) मम्मट (d) अभिनवगुप्त

43. क्रिया के मूल को कहते हैं :
(a) धातु (b) पद (c) कारक (d) समास

**44.** ‘ऐतिहासिक भौतिकवाद’ किस दार्शनिकवाद का सिद्धांत है ?

(a) अस्तित्ववाद (b) मार्क्सवाद (c) मनोविश्लेषणवाद (d) आभिजात्यवाद

**45.** महाराष्ट्र के भक्तों में सबसे पहले किसका नाम आता है ?

(a) नामदेव (b) ज्ञानदेव (c) गोरखनाथ (d) एकनाथ

**46.** ‘अदोषौ सगुणौ सालंकारौ च शब्दार्थौ काव्यम्’ – यह इनमें से किस आचार्य का दिया हुआ काव्य–लक्षण है ?

(a) वामन (b) भामह (c) हेमचन्द्र (d) कुंतक

**47.** ‘राम की शक्ति पूजा’ का प्रकाशन वर्ष है

(a) 1930 ई. (b) 1936 ई. (c) 1938 ई. (d) 1940 ई.

**48.** ‘चित्रलेखा’ किसकी रचना है ?

(a) भगवतीचरण वर्मा (b) जयशंकर प्रसाद

(c) प्रेमचंद (d) महादेवी वर्मा

**49.** भारत के संविधान में हिंदी को राजभाषा की मान्यता कब प्रदान की गई ?

(a) 14 सितंबर, 1949 ई. (b) 26 जनवरी, 1950 ई.

(c) 26 अगस्त, 1948 ई. (d) 15 अगस्त, 1947 ई.

**50.** ‘हिंदी साहित्य और संवेदना का विकास’ किसकी रचना है ?

(a) डॉ. रामस्वरूप चतुर्वेदी (b) डॉ. श्यामसुंदर दास

(c) डॉ. नगेन्द्र (d) डॉ. रामविलास शर्मा

**51.** हिंदी का प्रथम महाकाव्य है :

(a) ‘पृथ्वीराज रासो’ (b) ‘बीसलदेव रासो’ (c) ‘खुमाण रासो’ (d) ‘परमाल रासो’

**52.** ‘अन्या से अनन्या’ इनमें किसकी आत्मकथा है ?

(a) मैत्रेयी पुष्पा (b) अनामिका (c) प्रभा खेतान (d) महादेवी वर्मा

**53.** ‘आवादा भीड़ के खतरे’ हरिशंकर परसाई द्वारा रचित किस साहित्यिक विधा की रचना है ?

(a) कहानी (b) नाटक (c) व्यंग्य (d) कविता

**54.** ‘कला सामाजिक अनुपयोगिता की अनुभूति के विरुद्ध अपने को प्रमाणित करने का प्रयत्न अपर्याप्तता के विरुद्ध विद्रोह है ।’ यह इनमें से किसका कथन है ?

(a) सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन ‘अज्ञेय’ (b) जयशंकर प्रसाद

(c) सूर्यकांत त्रिपाठी ‘निराला’ (d) नरेश मेहता

**55.** वर्ष 2018 के 'साहित्य अकादमी पुरस्कार' से किस लेखिका को सम्मानित किया गया ?
(a) मन्नू भंडारी (b) गीता श्री (c) चित्रा मुद्‌गल (d) मृदुला गर्ग

**56.** 'संवेदनात्मक ज्ञान और ज्ञानात्मक संवेदन' सूत्र का प्रयोक्ता कौन है ?
(a) गजानन माधव 'मुक्तिबोध' (b) सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय'
(c) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' (d) महादेवी वर्मा

**57.** 'कीरति भनिति भूति भलि सोई,
सुरसरि सम सब कह हित होई ।'
– ये किसकी पंक्तियाँ हैं ?
(a) तुलसीदास की (b) सूरदास की (c) नंददास की (d) कबीर की

**58.** 'विभाव' के कितने प्रकार होते हैं ?
(a) दो (b) चार (c) पाँच (d) आठ

**59.** रौद्र रस का स्थायीभाव है :
(a) शोक (b) क्रोध (c) जुगुप्सा (d) निर्वेद

**60.** 'बाणभट्ट की आत्मकथा' की साहित्यिक विधा है :
(a) आत्मकथा (b) जीवनी (c) उपन्यास (d) कहानी

**61.** 'वयं रक्षामः' किसकी रचना है ?
(a) रांगेय राघव (b) चतुरसेन शास्त्री (c) अमृतलाल नागर (d) हजारीप्रसाद द्विवेदी

**62.** 'विद्यापति को कृष्ण भक्तों की परंपरा में न समझना चाहिए ।' यह इनमें से किसका कथन है ?
(a) हजारीप्रसाद द्विवेदी (b) रामचंद्र शुक्ल
(c) रामकुमार वर्मा (d) बच्चन सिंह

**63.** जदपि सुजात सुलच्छनी, सुबरन, सरस, सुवृत्त ।
भूषण बिनु न बिराजई, कविता, बनिता, मित्त ।
उपर्युक्त कथन किस रीतिकालीन कवि का है ?
(a) केशवदास (b) चिंतामणि (c) भूषण (d) मतिराम

**64.** अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' की कृति 'प्रियप्रवास' में राधा का, परंपरा से एक भिन्न, रूप भी है, वह है :
(a) विरहिणी नायिका का (b) प्रेयसी का
(c) समाज–सेविका का (d) ग्रामीण बाला का

65. देसिल बअना सब जन मिट्ठा ।
ते तैंसन जंपओं अवहट्ठा ।।
– ये काव्य–पंक्तियाँ किस आदिकालीन कवि की रचना से है ?
(a) चन्दबरदाई (b) विद्यापति (c) अमीर खुसरो (d) जगनिक

66. आचार्य क्षेमेन्द्र ने औचित्य के कितने अंग निर्धारित किए हैं ?
(a) 28 (b) 23 (c) 19 (d) 29

67. 'महल का भीतरी भाग' – इस वाक्यांश के लिए एक शब्द है :
(a) अन्तःस्थल (b) अन्तःवास (c) अन्तःपुर (d) अन्नतःनगर

68. भारतवर्ष की आदिभाषा है :
(a) लौकिक संस्कृत (b) प्राकृत (c) वैदिक संस्कृत (d) अपभ्रंश

69. पूर्वी हिंदी के अन्तर्गत बोली जाने वाली बोलियाँ हैं –
(a) अवधी, बघेली, छत्तीसगढ़ी (b) बघेली, भोजपुरी, मगही
(c) छत्तीसगढ़ी, हाड़ौती, मेवाती (d) ब्रज, अवधी, खड़ीबोली

70. विश्व की प्राचीनतम मानी जाने वाली लिपियों में है –
(a) नागरी लिपि (b) कैथी लिपि (c) शारदा लिपि (d) ब्राह्मी लिपि

71. 'जब सादृश्य के कारण एक वस्तु में अनेक अन्य वस्तुओं के होने की संभावना दिखाई पड़े और निश्चय न हो पाये' तब वहाँ अलंकार होगा :
(a) भ्रान्तिमान (b) उत्प्रेक्षा (c) संदेह (d) विभावना

72. निम्नलिखित में से भयानक रस के संचारीभाव हैं –
(a) धृति, मति, हर्ष, चिंता (b) त्रास, आवेग, दैन्य, शंका, अपस्मार
(c) वितर्क, आवेग, जड़ता, मोह, हर्ष (d) गर्व, चपलता, उग्रता, अमर्ष

73. हिंदी साहित्य में राष्ट्रीय चेतना के संवाहक और आधुनिक चेतना के प्रणेता प्रथम साहित्यकार हैं –
(a) सोहनलाल द्विवेदी (b) भारतेन्दु हरिश्चंद्र
(c) महावीरप्रसाद द्विवेदी (d) हजारीप्रसाद द्विवेदी

74. 'अनुराग बाँसुरी' के रचनाकार हैं –
(a) शेख नबी (b) कासिमशाह (c) गुलाम हसनैन (d) नूर मुहम्मद

**75.** विद्यापति को 'मैथिल कोकिल' की उपाधि निम्नांकित में से किस रचना पर दी गई ?

(a) 'कीर्तिलता' (b) 'कीर्तिपताका' (c) 'गीत गोबिंद' (d) 'पदावली'

**76.** आई.ए. रिचर्ड्स के महत्त्वपूर्ण सिद्धांतों में से एक है –

(a) विरेचन सिद्धांत (b) अनुकरण सिद्धांत (c) संप्रेषण सिद्धांत (d) निर्वैयक्तिकता सिद्धांत

**77.** कैथारसिस (विरेचन) शब्द मूलतः संबंधित है –

(a) भौतिकशास्त्र से (b) रसायनशास्त्र से (c) समाजशास्त्र से (d) चिकित्साशास्त्र से

**78.** निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी का शब्द है :

(a) बिदोही (b) वेदेही (c) वैदेही (d) वीदेही

**79.** कृदंत शब्द (कृत प्रत्यय) का उदाहरण है –

(a) धनवान (b) नमकीन (c) नीलिमा (d) खिलाड़ी

**80.** 'स्वार्थी व्यक्ति की मित्रता अल्पकालिक होती है ।' इस अर्थ के लिए इनमें से लोकोक्ति है :

(a) एक ही लाठी से सबको हाँकना
(b) एक तो करेला दूसरा नीम चढ़ा
(c) ओछे की प्रीत बालू की भीत
(d) घर का जोगी जोगना आन गाँव का सिद्ध

**81.** अधोलिखित में से सूक्तिपरक वाक्य या सूक्ति नहीं है –

(a) अग्नि स्वर्ण को परखती है और संकट वीर पुरुषों को
(b) अज्ञान से बढ़कर कोई अंधकार नहीं है ।
(c) अन्धे की लकड़ी
(d) साँच बराबर तप नहीं, झूठ बराबर पाप । जाते हृदय साँच है, ताके हृदय आप

**82.** संविधान सभा में हिंदी, हिंदुस्तानी और देवनागरी तथा अंतर्राष्ट्रीय अंकों को लेकर प्रस्तुत किए गए मुंशी आयंगर फार्मूला के प्रस्तोता हैं –

(a) कन्हैयालाल मिश्र प्रभाकर – प्रभाकर माचवे
(b) कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी – गोपाल स्वामी आयंगर
(c) पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी – गोपाल स्वामी आयंगर
(d) गोपाल स्वामी आयंगर – रामधारीसिंह दिनकर

**83.** स्रोत या उत्पत्ति के आधार पर शब्दों के भेद हैं –

(a) रूढ़, यौगिक, योगरूढ़
(b) विकारी, अविकारी
(c) एकार्थी, अनेकार्थी, समानार्थी, विलोम
(d) तद्भव, तत्सम, देशज, विदेशी

**84.** निम्नलिखित में से अयादि संधि का उदाहरण नहीं है :

(a) नायक (b) नायिका (c) नाविक (d) वागीश

**85.** 'सियारामभय सब जग जानी ।
करहु प्रणाम जोरि जुग पानी ।'
उपर्युक्त पंक्ति में तुलसीदास ने किस दार्शनिक सिद्धांत की व्यंजना की है ?

(a) अद्वैतवाद सिद्धांत (b) द्वैताद्वैत सिद्धांत
(c) विशिष्टाद्वैत सिद्धांत (d) द्वैतवादी सिद्धांत

**86.** 'अभिधा उत्तम काव्य है, मध्य लक्षणा लीन ।
अधम व्यंजना रस-विरस, उलटी कहत नवीन ।'
उपर्युक्त कथन किस रीतिकालीन कवि का है ?

(a) मतिराम (b) केशवदास (c) देव (d) बिहारी

**87.** 'काव्यदोष' का लक्षण बताने वाली आचार्य विश्वनाथ की उक्ति है

(a) गुणविपर्ययात्मानोदोषाः । (b) रसापकर्षका दोषः ।
(c) मुख्यार्थ हतिर दोषः । (d) उद्वेगजनको दोषः ।

**88.** निम्नलिखित में से माधुर्य गुण का उदाहरण नहीं है :

(a) विनती सुनलो हे भगवान, हम सब बालक हैं नादान ।
(b) मंद-मंद मुरली बजावत अधर धरे, मंद-मंद निकस्यो मुकुंद मधुवन ते ।
(c) नील सरोरुह स्याम, तरुन, अरुन वारिज नयन ।
करहु सो मम उर धाम, सदा क्षीर सागर शयन ।
(d) मधुमय वसंत जीवन वन के । वह अंतरिक्ष की लहरों में कब आए तुम चुपके से ।
रजनी के पिछले पहरों में ।

**89.** निम्नलिखित में से एक छायावाद की प्रवृत्ति नहीं है, वह है :

(a) अमूर्त एवं अशरीरी सौंदर्य-चित्रण
(b) प्रकृति का चित्रण
(c) मानव-प्रेम, शिशु-प्रेम एवं अज्ञात के प्रति व्यक्ति उदात्त प्रेम वर्णन
(d) इतिवृत्तात्मकता

**90.** लौंजाइनस के अनुसार, इनमें से महान् काव्य का उत्पत्तिकारक है –

(a) क्षुद्रता (b) अल्पज्ञता (c) आत्मिक भव्यता (d) कटुता

**91.** 'नयी कविता' की अवधारणा से संबंधित 'कविता के नये प्रतिमान' पुस्तक के रचनाकार हैं –

(a) नामवर सिंह (b) रघुवीर सहाय (c) धर्मवीर भारती (d) लक्ष्मीकांत वर्मा

**92.** हिंदी साहित्य के रसवादी आचार्य हैं –

(a) राजशेखर (b) नगेन्द्र (c) आनंदवर्धन (d) क्षेमेंद्र

**93.** 'चाँद का मुँह टेढ़ा है' काव्यसंग्रह के रचनाकार हैं –

(a) गिरिजाकुमार माथुर (b) सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय'
(c) धर्मवीर भारती (d) गजानन माधव 'मुक्तिबोध'

**94.** निम्नलिखित में से छायावादी कवि नहीं हैं :

(a) मैथिलीशरण गुप्त (b) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'
(c) जयशंकर प्रसाद (d) सुमित्रानंदन पंत

**95.** जन्म–मरण से भय, वैराग्य, तत्त्वों और शास्त्रादि के चिंतन से उत्पन्न होने वाले 'रस' का नाम है –

(a) अद्भुत रस (b) शांत रस (c) करुण रस (d) वीभत्स रस

**96.** हिंदी साहित्य जगत् में 'मिश्रबंधु' नाम से विख्यात लेखकों में सम्मिलित हैं :

(a) गणेशबिहारी मिश्र, श्यामबिहारी मिश्र, कृष्णबिहारी मिश्र
(b) श्यामबिहारी मिश्र, शुकदेवबिहारी मिश्र, रामबिहारी मिश्र
(c) शुकदेवबिहारी मिश्र, कृष्णबिहारी मिश्र, गणेशबिहारी मिश्र
(d) गणेशबिहारी मिश्र, श्यामबिहारी मिश्र, शुकदेवबिहारी मिश्र

**97.** 'मुझे तोड़ लेना वनमाली, उस पथ में देना तुम फेंक ।
मातृभूमि पर शीश चढ़ाने, जिस पथ जावें वीर अनेक ।'
उक्त पंक्तियों के रचनाकार हैं –

(a) मैथिलीशरण गुप्त (b) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'
(c) माखनलाल चतुर्वेदी (d) रामनरेश त्रिपाठी

**98.** रीति–संप्रदाय के प्रवर्तक आचार्य हैं :

(a) वामन (b) मम्मट (c) भामह (d) दण्डी

**99.** 'दोहा' किस प्रकार का छंद है ?

(a) वर्णिक (b) मात्रिक सम (c) मात्रिक अर्द्धसम (d) मात्रिक विषम

**100.** महाकाव्य 'कामायनी' में निहित दर्शन है –

(a) वेदांत दर्शन (b) चार्वाक दर्शन (c) अरविंद दर्शन (d) प्रत्यभिज्ञा दर्शन

**101.** निम्नलिखित में से 'सौष्ठववादी आलोचक' किसको कहा जाता है ?
(a) श्यामसुंदर दास (b) महावीरप्रसाद द्विवेदी (c) नंददुलारे बाजपेयी (d) बाबू गुलाबराय

**102.** 'जिसकी चिंता नहीं हो सकती' वाक्यांश के लिए एक शब्द हैं –
(a) अचिंत्य (b) अनिश्चिंत (c) विचिंत्य (d) चिंतारहित

**103.** इनमें से अकबरी–दरबार के नवरत्नों में शामिल कवि थे –
(a) रसखान (b) कुंभनदास (c) रहीम (d) तुलसीदास

**104.** 'उषा सुनहले तीर बरसती,
जय लक्ष्मी–सी उदित हुई,
उधर पराजित काल रात्रि भी
जल में अंतर्निहित हुई'
उपर्युक्त पंक्तियों में कौन सी शब्द–शक्ति है ?
(a) अभिधा (b) व्यंजना (c) लक्षणा (d) इनमें से सभी

**105.** 'फुर्तीला' शब्द में प्रत्यय है :
(a) इला (b) तीला (c) ईला (d) अइला

**106.** 'साखी' शब्द का अर्थ है –
(a) सखी (b) सच (c) सखा (d) साक्षी

**107.** रामचन्द्र शुक्ल ने रीतिकाल के प्रवर्तन का श्रेय दिया है :
(a) केशवदास को (b) चिन्तामणि को (c) भिखारीदास को (d) मतिराम को

**108.** 'अष्टछाप' का संबंध इनमें से किस काव्य–धारा से है ?
(a) सूफी काव्यधारा (b) राम काव्यधारा (c) कृष्ण काव्यधारा (d) रासो काव्यधारा

**109.** 'चौमासा' शब्द में समास है
(a) अव्ययीभाव (b) द्वन्द्व (c) द्विगु (d) बहुव्रीहि

**110.** 'सुंदरकांड' रामचरितमानस का कौन सा कांड (सर्ग) है ?
(a) चौथा (b) पाँचवाँ (c) दूसरा (d) तीसरा

**111.** निम्नलिखित में से शब्दालंकार का एक भेद है, वह है :
(a) उपमा (b) रूपक (c) विभावना (d) वक्रोक्ति

**112.** प्रसिद्ध रस सूत्र – 'विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगाद्रसनिष्पत्तिः' के प्रतिपादक आचार्य है :

(a) भर्तृहरि (b) रुद्रट (c) भरतमुनि (d) दण्डी

**113.** बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन' द्वारा संपादित पत्रिका का नाम है –

(a) हिंदी प्रदीप (b) कवि वचन सुधा (c) आनंद कादंबिनी (d) इंदु

**114.** 'अतिसूधो सनेह को मारग है
जहाँ नेकु सयानप बाँक नहीं'
इन पंक्तियों के रचनाकार हैं –

(a) मतिराम (b) चिंतामणि त्रिपाठी (c) घनानंद (d) बिहारीलाल

**115.** 'उसने कहा था' कहानी के रचनाकार हैं –

(a) प्रेमचंद
(b) सुदर्शन
(c) चंद्रधर शर्मा 'गुलेरी'
(d) विश्वंभरनाथ शर्मा 'कौशिक'

**116.** 'हिंदी साहित्य का बृहत् इतिहास' – इस इतिहास–ग्रंथ का प्रकाशन किया था :

(a) भारतीय भाषा परिषद् कलकत्ता ने
(b) राष्ट्रभाषा प्रचार समिति वर्धा ने
(c) हिंदुस्तानी एकेडमी, इलाहाबाद ने
(d) नागरी प्रचारिणी सभा काशी ने

**117.** गोस्वामी तुलसीदास की भक्ति किस प्रकार की है ?

(a) सख्य भाव (b) कांत भाव (c) दास्य भाव (d) वात्सल्य भाव

**118.** 'तन पर नहीं लत्ता, पान खाए अलबत्ता'
– इस लोकोक्ति का सही अर्थ है –

(a) झूठा दिखावा करना
(b) शौकीन व्यक्ति
(c) अभावग्रस्त जीवन
(d) कथनी करनी में अंतर

**119.** राहुल सांकृत्यायन द्वारा लिखित यात्रा वृत्तांत है :

(a) 'आँखों देखा रूस'
(b) 'पृथ्वी परिक्रमा'
(c) 'यात्रा के पन्ने'
(d) 'लद्दाख यात्रा की डायरी'

**120.** 'दानवाक्यावली' के रचनाकार हैं :

(a) विद्यापति (b) भूषण (c) जयदेव (d) पद्माकर

**121.** निम्नलिखित में शुद्ध वाक्य है :

(a) वह अनेकों बार बोला ।
(b) मैं माँ को एक कार्ड लिखा ।
(c) शरीर पर कई अंग होते हैं ।
(d) भारत की राजभाषा हिंदी है ।

122. "अगर मैं तुमको
ललाती साँझ के नभ की अकेली तारिका
अब नहीं कहता ....."
उक्त काव्य-पंक्तियों के रचनाकार हैं –
(a) सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय' (b) श्रीकांत वर्मा
(c) धर्मवीर भारती (d) कुँवर नारायण

123. 'अमीर खुसरो' हिंदी साहित्य के किस काल से संबंधित कवि हैं ?
(a) आधुनिक काल (b) रीतिकाल (c) आदिकाल (d) भक्तिकाल

124. 'तार सप्तक' का प्रकाशन-वर्ष है –
(a) 1939 ई. (b) 1943 ई. (c) 1951 ई. (d) 1954 ई.

125. 'अनुगवम्' में समास है –
(a) कर्मधारय (b) अव्ययीभाव (c) तत्पुरुष (d) बहुव्रीहि

126. निम्नलिखित में से कौन सा पत्र भारतेन्दु युग का नहीं है ?
(a) हिंदी प्रदीप (b) सार सुधानिधि (c) आनंद कादंबिनी (d) चाँद

127. निम्नलिखित में से कौन सा काव्यसंग्रह महादेवी वर्मा का नहीं है ?
(a) 'नीहार' (b) 'रश्मि' (c) 'नीरजा' (d) 'पल्लव'

128. 'मारेसि मोहि कुठाँव' किसका निबंध है ?
(a) पद्म सिंह शर्मा (b) चन्द्रधर शर्मा 'गुलेरी' (c) महावीरप्रसाद द्विवेदी (d) माधव मिश्र

129. 'आदिकाल' को 'चारण काल' इनमें से किस साहित्य-इतिहास के लेखक ने कहा ?
(a) शिव सिंह सैंगर (b) 'मिश्रबंधु' (c) रामकुमार वर्मा (d) डॉ. मोहन अवस्थी

130. 'चित्र तुरंग न्याय' का संबंध किस सिद्धांत से है ?
(a) उत्पत्तिवाद (b) भुक्तिवाद (c) अनुमितिवाद (d) अभिव्यंजनावाद

131. 'मतैक्य' में कौन सी संधि है ?
(a) दीर्घ (b) वृद्धि (c) गुण (d) यण्

132. 'हिंदी साहित्य का वैज्ञानिक इतिहास' के लेखक हैं :
(a) नामवर सिंह (b) रामस्वरूप चतुर्वेदी (c) रामकुमार वर्मा (d) गणपतिचंद्र गुप्त

**133.** स्वामी हरिदास द्वारा प्रवर्तित संप्रदाय है :

(a) राधावल्लभ संप्रदाय (b) सखी संप्रदाय

(c) निम्बार्क संप्रदाय (d) इनमें से कोई नहीं

**134.** निम्नलिखित में से कौन सी पुस्तक महात्मा गाँधी के जीवन पर आधारित है ?

(a) 'महामानव' (b) 'आत्मजयी' (c) 'लोकायतन' (d) 'एक पुरुष और'

**135.** 'नायक, खलनायक, विदूषक' किसका कहानी संग्रह है ?

(a) राजेन्द्र यादव (b) मन्नू भंडारी (c) ममता कालिया (d) मैत्रेयी पुष्पा

**136.** 'समानानंतर कहानी आंदोलन' के प्रवर्तक हैं :

(a) धर्मवीर भारती (b) कमलेश्वर (c) राजेन्द्र यादव (d) मोहन राकेश

**137.** 'गुण' का संबंध किस सिद्धांत से है ?

(a) ध्वनि (b) रीति (c) रस (d) अलंकार

**138.** निम्नलिखित में से कौन सा ग्रंथ केशवदास द्वारा रचित है ?

(a) 'विज्ञानगीता' (b) 'बरवै नायिकाभेद' (c) 'कविकुल कल्पतरु' (d) 'काव्यालंकार'

**139.** 'मुक्तिबोध रचनावली' का संपादन किया है :

(a) भारतभूषण अग्रवाल (b) रामचन्द्र शुक्ल

(c) विजयबहादुर सिंह (d) नेमिचंद्र जैन

**140.** 'पो. बा. नं. 203 नाला सोपारा' इनमें से किसका उपन्यास है ?

(a) ममता कालिया (b) चित्रा मुद्‌गल (c) मैत्रेयी पुष्पा (d) अनामिका

**141.** 'नहिं रसादृते कश्चिदर्थः प्रवर्तते' किसका कथन है ?

(a) आचार्य विश्वनाथ (b) दण्डी

(c) मम्मट (d) भरतमुनि

**142.** " 'साकेत' में राम का चरित्र काव्य के द्वितीय श्रेणी के चरित्रों में परिगणित होने योग्य ही बन सका है ।" प्रस्तुत कथन किनका है ?

(a) रामचन्द्र शुक्ल (b) गुलाब राय (c) नंददुलारे बाजपेयी (d) रामकुमार वर्मा

**143.** "धर्म का प्रवाह कर्म, ज्ञान और भक्ति, इन तीनों धाराओं में चलता है ।" – यह इनमें से किसका कथन है ?

(a) रामचंद्र शुक्ल (b) हजारीप्रसाद द्विवेदी (c) रामकुमार वर्मा (d) नगेन्द्र

**144.** 'सम्पत्तिशास्त्र' कृति के रचनाकार हैं –
(a) जैनेन्द्र कुमार (b) माखनलाल चतुर्वेदी (c) भगवतीचरण वर्मा (d) महावीरप्रसाद द्विवेदी

**145.** 'कामायनी एक पुनर्विचार' कृति का प्रकाशन किस वर्ष में हुआ ?
(a) 1959 ई. (b) 1960 ई. (c) 1961 ई. (d) 1962 ई.

**146.** 'मुख है अंबुज सो सही, मीठी बात बिसेखी' में अलंकार है :
(a) प्रतीप (b) विभावना (c) असंगति (d) व्यतिरेक

**147.** 'रंगमंच नाटक के अनुकूल होना चाहिए न कि नाटक रंगमंच के अनुकूल ।' – यह कथन किनका है ?
(a) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' (b) देवेन्द्र राज अंकुर
(c) मोहन राकेश (d) जयशंकर प्रसाद

**148.** 'हरी घास पर क्षण भर' किसकी रचना है ?
(a) नरेश मेहता (b) सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय'
(c) सर्वेश्वरदयाल सक्सेना (d) शकुंत माथुर

**149.** छायावाद के किस कवि का काव्य अरविंद के जीवन दर्शन से प्रभावित है ?
(a) महादेवी वर्मा (b) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'
(c) जयशंकर प्रसाद (d) सुमित्रानंदन पंत

**150.** 'वैदिकी हिंसा हिंसा न भवति' – यह नाटक किसने लिखा है ?
(a) जयशंकर प्रसाद (b) उदयशंकर भट्ट (c) भारतेन्दु हरिश्चंद्र (d) भुवनेश्वर

**151.** निम्नलिखित में से 'बिहारी' उपभाषा की बोली नहीं है :
(a) भोजपुरी (b) मगही (c) बुंदेली (d) मैथिली

**152.** इनमें से मनोविकार - संबंधी निबंधों के प्रमुख लेखक हैं –
(a) आचार्य रामचंद्र शुक्ल (b) महावीरप्रसाद द्विवेदी
(c) पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी (d) गुलाब राय

**153.** जब दो वाक्यों में बिंब–प्रतिबिंब भाव हो तो अलंकार होगा :
(a) प्रतिवस्तूपमा (b) दृष्टांत (c) पुनरुक्तिप्रकाश (d) उपमा

**154.** 'निर्वेद' किस रस का स्थायीभाव है ?

(a) हास्य (b) शांत (c) वीर (d) करुण

**155.** निम्नलिखित में से प्रगतिवादी विचारधारा के प्रतिनिधि रचनाकार (कहानीकार) कौन हैं ?

(a) यशपाल (b) विष्णु प्रभाकर (c) इलाचन्द्र जोशी (d) भुवनेश्वर

**156.** 'बोलती प्रतिमा' रेखाचित्र के रचनाकार हैं :

(a) पद्म सिंह शर्मा (b) श्रीराम शर्मा (c) रामवृक्ष बेनीपुरी (d) देवेन्द्र सत्यार्थी

**157.** 'कुटज क्या केवल जी रहा है ? वह दूसरे के द्वार पर भीख माँगने नहीं जाता ।'
ये पंक्तियाँ किस निबंधकार की हैं ?

(a) वृंदावनलाल वर्मा (b) रामचंद्र शुक्ल
(c) हजारीप्रसाद द्विवेदी (d) महावीरप्रसाद द्विवेदी

**158.** महादेवी वर्मा के काव्य-संग्रह 'नीरजा' के लिए उन्हें कौन सा पुरस्कार मिला था ?

(a) 'मंगला प्रसाद पारितोषिक' (b) 'भारत-भारती'
(c) 'सेक्सरिया पुरस्कार' (d) 'साहित्य अकादमी'

**159.** निम्नांकित पंक्तियों में कौन सा रस है ?
'श्रीकृष्ण के सुन वचन अर्जुन क्रोध से जलने लगे,
सब शोक अपना भूलकर, करतल युगल मलने लगे ।'

(a) रौद्र रस (b) हास्य रस (c) अद्भुत रस (d) वीभत्स रस

**160.** 'गंग' किस राजा के दरबारी कवि थे ?

(a) राजा मानसिंह (b) महाराणा प्रताप (c) अकबर (d) पृथ्वीराज चौहान

**161.** प्रत्येक चरण में 28 मात्रा, 16-12 की यति, अंत में लघु गुरु (IS) किस छंद में होता है ?

(a) हरिगीतिका (b) बरवै (c) रोला (d) छप्पय

**162.** 'मधुकोष' काव्य-संग्रह के रचनाकार हैं ?

(a) चारुचन्द्र चन्दोला (b) रत्नाम्बर दत्त चन्दोला
(c) पार्थ सारथी डबराल (d) लीलाधर जगूड़ी

**163.** ‘द निर्गुण स्कूल ऑफ हिंदी पोएट्री’ इनमें से किसका शोध-ग्रंथ है ?

(a) डॉ. लक्ष्मीसागर वार्ष्णेय
(b) डॉ. हजारीप्रसाद द्विवेदी
(c) बाबू श्यामसुंदर दास
(d) डॉ. पीतांबरदत्त बड़थ्वाल

**164.** ‘भल्ला हुआ जु मारिया बहिणि हमारा कंतु ।
लज्जेजं तु वयंसिअहु जईंभग्या घरु एंतु ।’
ये प्रसिद्ध पंक्तियाँ इनमें से किस कवि की हैं ?

(a) शार्ङ्गधर
(b) सोमप्रभसूरि
(c) कण्हपा
(d) हेमचन्द्र

**165.** मिश्रबंधु द्वारा लिखित ‘हिंदी नवरत्न’ में इनमें से किस कवि को स्थान नहीं मिला है ?

(a) सूरदास
(b) गोस्वामी तुलसीदास
(c) मलिक मुहम्मद जायसी
(d) केशवदास

**166.** ‘मातु पिता जग जाई तज्यो, विधिहू न लिख्यौ कहु भाल भलाई ।’
यह आत्मपरक काव्यपंक्ति इनमें से किस भक्तिकालीन कवि की है ?

(a) सूरदास
(b) कबीरदास
(c) तुलसीदास
(d) हृदयराम

**167.** नीचे लिखे कवियों को उनके द्वारा रचित काव्य-पंक्तियों के साथ सुमेल कर सही विकल्प का चयन कीजिए :

| कवियों के नाम | | काव्य-पंक्तियाँ |
|---|---|---|
| (क) विद्यापति | (अ) | केशव कहि न जाई का कहिए |
| (ख) तुलसीदास | (ब) | भूषण बिनु न बिराजई कविता वनिता मित्त । |
| (ग) केशवदास | (स) | माधव हम परिनाम निराशा |
| (घ) सूरदास | (द) | कौन विभीषण रंक निशाचर हँसि-हँसि छत्र धरै । |

(a) क – स, ख – द, ग – अ, घ – ब
(b) क – द, ख – अ, ग – ब, घ – स
(c) क – ब, ख – स, ग – द, घ – अ
(d) क – स, ख – अ, ग – ब, घ – द

**168.** ‘तुलसी गंग दुवौ भए, सुकविन के सरदार’ यह कथन इनमें से किसका है ?

(a) नाभादास
(b) गंग
(c) भिखारीदास
(d) रहीमदास

**169.** पालि में प्राकृत का जो रूप था, उसका विकास इनमें से किन तीन शाखाओं में हुआ ?

(a) शौरसेनी, मागधी, महाराष्ट्री
(b) शौरसेनी, कौरवी, अर्धमागधी
(c) अर्द्धमागधी अपभ्रंश, कौरवी, मागधी
(d) शौरसेनी, नागर अपभ्रंश, महाराष्ट्री

**170.** विद्यापति की पदावली मैथिली हिंदी में रचित होने पर भी निम्नलिखित में से किससे प्रभावित है ?

(a) बँगला (b) मराठी (c) बिहारी (d) उड़िया

**171.** 'अन्वेषण' शब्द का सन्धि-विच्छेद है :

(a) अन्य + वेषण (b) अनु + एषण (c) अनु + वेषण (d) अन् + वेषण

**172.** निराला की निम्नलिखित पंक्तियाँ उनकी किस कविता से ली गई हैं ?

""यह है उपाय" कह उठे राम
ज्यों मंद्रित घन
कहती थीं माता मुझको
सदा राजीव नयन ।"

(a) 'तुलसीदास' (b) 'पंचवटी-प्रसंग' (c) 'राम की शक्ति पूजा' (d) 'अधिवास'

**173.** रीतिकालीन कवि केशव की इनमें से कौन सी रचना प्रबंधकाव्य नहीं है ?

(a) 'रतन बावनी'
(b) 'जहाँगीर जस चन्द्रिका'
(c) 'रसिकप्रिया '
(d) 'रामचन्द्रिका'

**174.** 'प्रयोगवाद' का प्रवर्तक माना जाता है :

(a) मुक्तिबोध को
(b) नेमिचंद्र जैन को
(c) प्रभाकर माचवे को
(d) सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय' को

**175.** 'आत्मजयी' किसकी रचना है ?

(a) कुँवर नारायण (b) रघुवीर सहाय (c) अरुण कमल (d) दुष्यंत कुमार

**176.** 'संदेश रासक' के लेखक हैं :

(a) नरपति नाल्ह (b) अब्दुल रहमान (c) चन्दबरदायी (d) जगनिक

**177.** 'प्रभुजी तुम चंदन हम पानी
जाकी अंग अंग बास समानी'
ये काव्य-पंक्तियाँ किस संत कवि की हैं ?

(a) कबीरदास (b) रैदास (c) पीपा (d) नानकदेव

**178.** 1901 में 'सरस्वती' पत्रिका का संपादन इनमें से किस साहित्यकार ने किया ?

(a) महावीरप्रसाद द्विवेदी
(b) श्यामसुंदर दास
(c) राधाकृष्ण दास
(d) कार्तिकप्रसाद

**179.** 'लोग हैं लागि कलित्त बनावत,
मोहि तौ मेरे कवित्त बनावत ।'
ये काव्य–पंक्तियाँ इनमें से किस कवि की हैं ?
(a) पद्माकर (b) घनानंद (c) सेनापति (d) द्विजदेव

**180.** इनमें से कौन सा उपन्यास प्रेमचंद का नहीं है ?
(a) 'निर्मला' (b) 'गबन' (c) 'सुनीता' (d) 'प्रतिज्ञा'

**181.** इनमें से कौन सा निबंध सरदार पूर्णसिंह का नहीं है ?
(a) 'कछुवा धरम' (b) 'आचरण की सभ्यता'
(c) 'सच्ची वीरता' (d) 'मजदूरी और प्रेम'

**182.** 'वाक्यं रसात्मकं काव्यम्' यह उक्ति किस आचार्य की है ?
(a) विश्वनाथ (b) पंडितराज जगन्नाथ (c) मम्मट (d) वामन

**183.** 'रस सिद्धांत' के प्रवर्त्तक आचार्य हैं :
(a) आचार्य मम्मट (b) आचार्य विश्वनाथ (c) आचार्य जगन्नाथ (d) आचार्य भरतमुनि

**184.** 'कुट्टिचातन' नाम से किस लेखक ने निबंध लिखे हैं ?
(a) सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय' (b) जैनेन्द्र
(c) हजारीप्रसाद द्विवेदी (d) कुबेरनाथ राय

**185.** खड़ीबोली हिंदी का विकास किस अपभ्रंश से हुआ है ?
(a) शौरसेनी (b) मागधी (c) अर्द्धमागधी (d) पैशाची

**186.** इनमें से कौन सा कथाकार उत्तराखंड से संबंधित नहीं है ?
(a) अमरकांत (b) शैलेश मटियानी (c) शेखर जोशी (d) हिमांशु जोशी

**187.** 'ध' का उच्चारण स्थान है
(a) ओष्ठ (b) तालु (c) कण्ठ (d) दंत

**188.** निम्नलिखित में से वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है :
(a) कवियित्री (b) कवित्री (c) कवयित्री (d) कवितरी

**189.** 'हिंदी' में लिंग होते हैं
(a) तीन (b) दो (c) एक (d) चार

**190.** 'खाने की इच्छा' – इस वाक्यांश के लिए एक शब्द है :

(a) मुमुक्षा (b) बुभुक्षा (c) बुभुक्षु (d) जुगुप्सा

**191.** हिंदी का पहला समाचारपत्र उदंत मार्तंड प्रकाशित हुआ था :

(a) 1826 ई. में कोलकाता से (b) 1828 ई. में कोलकाता से

(c) 1826 ई. में मद्रास से (d) 1827 ई. में इलाहाबाद से

**192.** हिंदी की बोलियों में महत्त्वपूर्ण स्थान रखने वाली 'कौरवी' किस उपभाषा के अन्तर्गत आती है ?

(a) बिहारी हिंदी (b) पूर्वी हिंदी (c) राजस्थानी हिंदी (d) पश्चिमी हिंदी

**193.** निम्नांकित में से 'अष्टछाप' के कवि नहीं हैं :

(a) सूरदास (b) नंददास (c) रैदास (d) कुंभनदास

**194.** 'रागदरबारी' के रचनाकार हैं –

(a) जैनेन्द्र (b) श्रीलाल शुक्ल (c) मोहन राकेश (d) कमलेश्वर

**195.** 'नयी कविता' पत्रिका का प्रकाशन हुआ था :

(a) 1955 ई. में (b) 1953 ई. में (c) 1954 ई. में (d) 1951 ई. में

**196.** फणीश्वरनाथ रेणु कृत आंचलिक उपन्यास है –

(a) 'मृगनयनी' (b) 'शेखरः एक जीवनी' (c) 'गोदान' (d) 'मैला आँचल'

**197.** निम्नलिखित में से किस रस का स्थायीभाव 'रति' है ?

(a) करुण रस (b) हास्य रस (c) श्रृंगार रस (d) वीर रस

**198.** "बीती विभावरी जाग री,
अम्बर-पनघट में डुबो रही,
ताराघट उषा-नागरी ।" – इन काव्य-पंक्तियों में अलंकार है :

(a) उपमा (b) उत्प्रेक्षा (c) अनुप्रास (d) रूपक

**199.** 'आपका बंटी' उपन्यास के रचनाकार का नाम है –

(a) मन्नू भंडारी (b) ममता कालिया (c) मृदुला गर्ग (d) कृष्णा सोबती

**200.** 'नकेनवाद' के प्रवर्तक कवि थे :

(a) नलिन विलोचन शर्मा, केसरी कुमार, नरेश मेहता
(b) नरेश कुमार, केसरी कुमार, नागार्जुन
(c) नलिन विलोचन शर्मा, केदारनाथ सिंह, नरेश मेहता
(d) नलिन विलोचन शर्मा, केसरी कुमार, नरेश

---